## एक शातिर अभियुक्त गिरफ्तार  कब्जे से स्वराज ट्रैक्टर मय ट्राली व एक अदद देशी तमंचा बरामद-

**पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री महेश सिंह अत्री के परवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नगर श्री अंजनी कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस को उस समय अहम सफलता हाथ लगी जब आज दिनांक 04.05.2025 को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर डा0 बी0आर0 अम्बेडकर स्टेडियम भीटी  के पास से थाना स्थानीय पर ट्रैक्टर व ट्राली के चोरी मामले में पंजीकृत  मु0अ0स0 138/2025 धारा 303(2) बी0एन0एस0 से संम्बन्धित वांछित अभियुक्त नितेश पुत्र पिन्टू राम निवासी खुरहट थाना रानीपुर जनपद मऊ के कब्जे से एक अदद नाजायज देशी तमन्चा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा चोरी की स्वराज ट्रैक्टर नं0 यूपी 54 जेड 6496 मय ट्राली को बरामद कर गिरफ्तार किया गया । इस संबंध में उक्त अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 144/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया तथा उपरोक्त अभियोग में धारा 317(2) ,317(4) की बढ़ोतरी कर चालान न्यायालय किया गया।**

**गिरफ्तार अभियुक्त –**

1. नितेश  पुत्र पिन्टू राम निवासी खुरहट, थाना रानीपुर, जनपद मऊ उम्र करीब 23 वर्ष

**बरामदगी** –

स्वराज ट्रैक्टर नं. UP54Z6496 मय ट्राली व एक अदद देशी तमंचा व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, मय हमराह थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ
2. उ0नि0 सुभाष चन्द्र चौकी प्रभारी भीटी थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ
3. कां0 रविरंजन राय, थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ
4. का0 चालक हिमांशु यादव, थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ
5. कां0 राहुल यादव, थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ
6. का0 सतेन्द्र यादव, थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ

## 03 वांछित तथा 13 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–

आज दिनांक 04/05/2025 को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना घोसी पुलिस द्वारा जरिये मुखबिर की सूचना पर नदवासराय अण्डर पास से मु0अ0सं0 192/2025 धारा 79,352,351(2) बी0एन0एस में वांछित अभियुक्त पवन यादव पुत्र महेन्द्र यादव निवासी विशुनपुरा थाना दोहरीघाट व थानीदास मोड़ के पास से मु0अ0स0 142/2025 धारा 137(2),87 बी0एन0एस में वांछित अभियुक्त मुहम्मद सोहराब पुत्र अबु सालेह निवासी नयाभोज पुर थाना नयाभोजपुर जनपद बक्सर बिहार, थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा देवलाश के पास से मु0अ0स0 197/2025 धारा 87,137(2) बी0एन0एस0 में वांछित अभियुक्त कृष्णा चौहान उर्फ गुलशन पुत्र अशोक चौहान निवासी सलेमपुर थाना मुहम्मदाबाद व वांरण्टी अभियुक्तगण चवन्नी पुत्र सुरेश,सुग्गन पुत्र रुपा, विरेन्द्र चौहान पुत्र फौजदार, लक्ष्मन पुत्र मगरू निवासीगण सैयदवाड़ा, जयराम पुत्र नन्दू मौर्य निवासी खैराबाद थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ व कोतवाली पुलिस द्वारा वांरण्टी अभियुक्तगण अमित चौहान पुत्र सरवन कुमार निवासी छोटी रहजनिया, रामअवध पुत्र लाला, संतोष पुत्र फूलबदन निवासीगण दक्षिण टोला महरनियाँ थाना कोतवाली जनपद मऊ व थाना कोपागंज पुलिस द्वारा वांरण्टी अभियुक्तगण राजेश पुत्र घुरा निवासी मानोपुर, ओमप्रकाश पुत्र चौथी निवासी ढेकवारा थाना कोपागंज जनपद मऊ व थाना चिरैयाकोट पुलिस द्वारा होरी यादव पुत्र चन्द्रदेव यादव निवासी सिकन्दरपुर थाना चिरैयाकोट , विनोदराम पुत्र सन्तराम निवासी कादीपुर टिसौरा थाना जहानागंज जनपद आजमगढ़ तथा थाना रानीपुर पुलिस द्वारा वांरण्टी अभियुक्त अक्षय कुमार पुत्र कुंज बिहारी चौहान निवासी इटौरा थाना रानीपुर जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

## गुम/खोया 01 मोबाइल फोन बरामद कर किया गया सुपुर्द–

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना हलधरपुर साइबर पुलिस टीम द्वारा गुम हुए एक अदद मोबाइल फोन कीमत लगभग 80000 रुपये को बरामद कर शिकायतकर्ता हिरवंत कुशवाहा पुत्र रामविलाश निवासी राजनपुर पहसा थाना हलधरपुर जनपद मऊ को सुपुर्द किया गया।